कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.co.in
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक– 28.11.2020

:: प्रेस विज्ञप्ति ::

# 72 वां एन.सी.सी. दिवस मनाया गया

कैडेटो ने शनिवार को 72 वां एन. सी. सी. दिवस मनाया। इस मौके पर उन्होनें सरहद पर होन वाले हमले का रूपान्तरण कर देश भक्ति का जज्बा पेश किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति और छत्तीसगढी बारहमासी नृत्य के तराने भी गूंजे। बाबू छोअे लाल श्रीवास्तव शासकीय पी.जी. कॉलेज के खेल मैदान में शनिवार की सुबह 72 वां एन.सी.सी. दिवस समारोह हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया । इस समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे थे। कार्यक्रम का आरंभ सुबह 9 बजे हुआ। एन. सी.सी. कमाण्डर सीनियर अण्डर आफिसर भूमिका कतलाम ने 107 कैडेटों की रिर्पोट दी। मुख्य अतिथि डॉ. श्रीदेवी चौबे ने 4 प्लाटून कमाण्डरों की अगुवाई में निरीक्षण किया । एन. सी.सी. कैडेटो ने मार्च पास्ट कर परेड की सलामी दी। डॉ. श्रीदेवी चौबे ने प्लाटून कमाण्डर पी. जी. कालेज के धमेन्द्र साहू, धनेन्द्र साहू, कुमारी रीतु, अंकिता ढीवर से परिचय के बाद सभी कैडेटों को शपथ दिलायी कैडेटों ने एकता एवं अनुशासन बनाये रखकर जागरूकत ा बढाने पर नेत्र व रक्तदान करने का संकल्प लिया। एन.सी.सी. केयर टेकर श्री दिनेश्वरी सलाम ने एन. सी.सी. रिर्पोट का वाचन किया। पायलट के रूप में टिकेश्वर कुमार , हिमांचल माला, समीनगिरि, हेमंत कुमार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति महाविद्यालय एन.सी.सी. सीनियर कैडेट होमेन्द्र कुमार एवं टीकम सिंह ने डेमो स्ट्रेशन ऑफ सेक्शन अटैक की प्रस्तुति दी। जिसमें दर्शकों ने खूब सहारा उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। महाविद्यालय के छात्रों के द्वारा स्वागत गीत एवं देशभक्ति गीत तथा छत्तीसगढी बारहमासी गीत ,पंथी गीत की छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति दी। तत्पश्चात महाविद्यालय के छात्रों ने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात पुरस्कार वितरण हुआ। इस मौके पर रक्तदान करने वाले 25 कैडेटों को प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया। रंगोली, पोस्टर बनाओं प्रतियोगिता, कबड्डी, रीले रेस, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ स्पर्धा में प्रतिभा दिखाने वाले छात्र–छात्राओं का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. श्रीदेवी चौबे ने एन.सी.सी. कैडेटों को सम्बोधित करते हुए कहा – कि अनुशासन व देश सेवा का पाठ एन.सी.सी. से ही सीखने को मिलता है। इसलिए एन.सी.सी.ज्वाइन करना चाहिए। कार्यक्रम को लेफ्टिनेट पी. वरगीस, ने भी सम्बोधित किया। उद्बोधन पश्चात एन.सी.सी. गीत, राष्ट्रीय गान भी हुआ। कार्यक्रम का संचालन कैडेट होमेन्द्र कुमार एवं टीकम सिंह ने किया।

आभार प्रदर्शन केयर टेकर श्री दिनेश्वर सलाम ने किया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट संगीता निषाद 8 सी.जी.बी. एन. चारामा रिटायर्ड आर्मी अफसर श्री सोनू भगत एन.एस. एस. जिला संगठक डॉ. ए.एस. साहू एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश साहू ,प्रों ए. साहू , स्वीप प्रभारी पंकज जैन, डॉ. मनदीप खालसा , पी.सी. चौधरी, प्रभा वेरूलकर, हरप्रीत सिंह आनंद, गेस खूजूर, के.पी. कोसिमा, डॉ. श्रीमति ठाकुर, रजिस्ट्रार के. के. ध्रुव,एवं महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

(डॉ.श्रीदेवी चौबे)
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)


NCC
OPPO A9


NCC